हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 29 जून 2024

11 एनएचएम कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन



12 गोभक्तों ने की पुलिस चौकी स्थापित करने .....



## खबर संक्षेप

### हादसे में कैंटर सवार लेबर की मौत

**बहादुरगढ़।** गत दिवस बुपनिया के निकट कैंटर और ट्रैक्टर-टॉली की टक्कर में कैंटर सवार श्रमिक की मौत हो गई। दरअसल, मांडोठी निवासी कुलवंत ने सीमेंट टाइल की फैक्ट्री लगा रखी है। वीरवार को उसके कर्मचारी कैंटर में टाइल लेकर सप्लाई करने गुरुग्राम जा रहे थे। बुपनिया के निकट एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की लापरवाही के कारण कैंटर से टकरा गई। कैंटर में बैठक अनिल सरदार और अखिलेश के साथ ही चालक सुमन यादव को राहगीरों की मदद से बाहर निकाला गया। इलाज के लिए उन्हें बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अनिल सरदार को मृत घोषित कर दिया।

### कार में मिला पिस्तौल और कारतूस

**बहादुरगढ़।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक कार से पिस्तोल व कारतूस बरामद किए हैं। जांच में पता चला कि आरोपी हवाबाजी में अपने मित्र की पिस्तौल मांग कर लाया था। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ब्रिगेडियर होशियार सिह मेट्रो स्टेशन के नीचे नाके पर चैकिंग के दौरान पुलिस ने एक गाड़ी से अवैध पिस्तोल तथा 4 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार चेकिंग के दौरान करौंथा निवासी आशीष की गाड़ी से एक पिस्तौल मिला। उसकी मैगजीन खाली थी, लेकिन गाड़ी के हैड रैस्ट में 4 जिंदा कारतूस मिले।

### जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की मौत

**झज्जर।** गांव दुजाना में जहरीला पदार्थ निगलने से युवक की मौत हो गई। युवक की तबियत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे स्थानीय नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद जब चिकित्सकों डॉक्टरों ने युवक की हालत गंभीर होने के चलते उसे रोहतक पीजीआई रेफर किया तो परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।

# अलसुबह हल्की बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत दिनभर उमस भरी गर्मी ने किया परेशान

## बिजली गुल रहने से जन-जीवन रहा पूर्णतया प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार दिन की शुरूआत आसमान में छाए काले बादलों और ठंडी हवाओं के साथ हुई। करीब साढ़े सात बजे हल्की बारिश होने लगी। जिसके कारण मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से आंशिक राहत मिली।

■ शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

आसमान में छाए काले बादलों और हल्की बारिश के कारण लोग दिनभर बारिश होने का अनुमान लगाने लगे। लेकिन साढ़े आठ बजे बारिश बंद हो गई। मौसम ने एकाएक करवट ली और कभी धूप तो कभी आसमान में बादल छाए रहे। जिसके कारण बनी उमस ने लोगों को खूब परेशान किया। पसीनों में तरबत्तर लोग फिर से बारिश होने का इंतजार करने लगे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर, सुबह हुई हल्की बारिश के कारण दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।





झज्जर। अलसुबह हुई हल्की बारिश के बीच गुरजते हुए लोग,बिजली व्यवस्था दुरूस्त करने में जुटे बिजली निगम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### दिनभर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में लगे रहे बिजली कर्मी

मौसम में हुए बदलाव के कारण दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके कारण आमजन जन-जीवन व बाजार का कारोबार पूर्णतया प्रभावित रहा और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली निगम के कर्मचारी दिनभर व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने में लगे रहे। बिजली निगम के एसडीओ सौरभ ने बताया कि गुरूग्राम मार्ग स्थित 132 केवी पॉवर हाऊस क्षेत्र में नई लाईन बिछाने के कार्य के कारण सुबह छह बजे से सांय चार बजे तक शहरी क्षेत्र में समय-समय बिजली कट लगाए जाएंगे। कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से शुरू कर दी जाएगी।

# जलभराव तो होगा ही, बरसात में गंदगी से भरे हैं नाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मानसून की बरसात का इंतजार है, साथ ही शहर के पूरी तरह डूबने का भी इंतजार हो रहा है। अब तक प्री-मानसून के तहत तीन बार हो चुकी बारिश में शहर के कई इलाकों में जलभराव हुआ और नालों की सफाई के नगर परिषद के दावे उसमें डूब गए। शुक्रवार को 22 मिलीमीटर बरसात हुई। जबकि पिछले शुक्रवार को 20 एमएम और गत बुधवार को 23 मिलीमीटर बरसात हुई थी।

■ शुक्रवार को 22 मिलीमीटर बरसात में फिर जलमग्न हुए कई इलाके, गंदगी से लबालब दिखे अधिकांश नाले

दरअसल, शहर में वर्षा के पानी की निकासी के लिए बने अधिकतर नाले गंदगी, कीचड़, गाद से अटे हुए हैं। समय रहते इनकी सफाई नहीं हुई और शहर में पिछले वर्ष की तरह जलभराव के हालात बनने से इंकार नहीं किया जा सकता। नगर परिषद ने पहले आदर्शन चुनाव आचार संहिता की आड़ लेकर नालों की सफाई का टेंडर नहीं किया। लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद खजाने के साथ ही नालों की सफाई शुरू हुई। लेकिन यह काम शहर के डूबने तक पूरा नहीं होगा। जिन इलाकों में नाला सफाई हो रही है, वहां भी जलभराव है। शुक्रवार को बरसात होते ही नगर परिषद ने सफाई कर्मचारियों को नालों के मुहाने पर तैनात कर दिया। ताकि वे मोटा अवरोध हटाते रहें। आप तस्वीरों में भी देख सकते हैं कि शहर के मुख्य मार्गो सहित अन्य जगहों पर बने नालों में गंदगी जमा है, जिसके चलते कई जगहों पर जलभराव के हालात बने हुए हैं। जलभराव के पीछे नालों की सफाई नहीं होना भी एक बड़ा कारण माना जा रहा है। नालों की फिलहाल हालत ऐसी है कि यदि अधिक बारिश होती है, तो हर जगह पानी ही पानी नजर आएगा।





बहादुरगढ़। बरसात में गंदगी से लबालब नालों को साफ करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# अब व्हाट्सएप पर रमेश को दी धमकी

## आसौदा थाना पुलिस ने अभियोग अंकित कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पूर्व विधायक नफे सिंह राठी की निर्मम हत्या के बाद पूर्व चेयरमैन अशोक गुप्ता से रंगदारी मांगने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि किसान नेता रमेश दलाल को भी व्हाट्सएप पर धमकी मिल गई। इस संबंध में उन्होंने पुलिस में शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

■ आरोपी ने व्हाट्सएप पर लिखा कि 'बहुत जल्द मरेगा'

जी हां, अब जाखौदा गांव निवासी किसान नेता रमेश दलाल को व्हाट्सएप पर एक नंबर से धमकी मिली है। इसके आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने अभियोग अंकित कर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, एक नंबर से रमेश दलाल के व्हाट्सएप नंबर पर डॉन नंबर-वन नामक मूवी भेजकर धमकी दी गई। पहले 12 जून को अप्रत्यक्ष रूप से यह धमकी दी गई। फिर 25 जून को सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी देते हुए मैसेज किया गया। आरोपी ने व्हाट्सएप पर लिखा कि 'बहुत जल्द मरेगा'। उसने दलाल के परिवार को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।

राजीव गांधी हत्याकांड में एक अहम गवाह की भूमिका निभाने वाले रमेश दलाल बहादुरगढ़ से दो बार विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। इसके अलावा भारत भूमि बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले लगातार किसानों के मुद्दे भी उठाते रहे हैं। उन्होंने अपनी हत्या, चरित्र हत्या और परिवार को सबक सिखाने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने रमेश दलाल की शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 506 के तहत केस दर्ज किया है।



रमेश दलाल

■ पहले 12 जून को अप्रत्यक्ष रूप से यह धमकी दी गई थी

# हाथ-पैर बांधकर नहर में डुबोकर की हत्या

## घर से दौड़ लगाने निकला था, तीन चिकित्सकों के बोर्ड ने किया पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव मांडोठी में सुबह सैर करने निकले 20 वर्षीय युवक का शव एनसीआर माइनर से बरामद हुआ। उसके हाथ व पैर बंधे हुए थे। मुंह से खून व नाक से झाग निकल रहे थे। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या व शव खुर्द-बुर्द करने का केस दर्ज किया है।

■ `हाथ-पैर डाटा केबल व जूते की फीतों से बंधे हुए थे

पुलिस को दी शिकायत में अशोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े 4 बजे ऋतिक दौड़ लगाने के लिए घर से निकला था। वह घर नहीं लौटा तो दोनों अखाड़ों और आसपास उसकी तलाश की। कहीं कुछ पता नहीं चला तो फिर सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए तो ऋतिक बूस्टर वाले रास्ते से पैदल खेतों की तरफ अकेला जाता दिखाई दिया। फिर वे एनसीआर नहर पर पहुंचे। गांव के ही अरविंद, हन्नी और अरविंद्र नहर में उसकी तलाश करते रहे। कुछ देर बाद ऋतिक की लाश पानी में मिली।

उसे बाहर निकाला तो सभी चौक गए। उसके हाथ-पैर डाटा केबल व जूते की फीतों से बंधे हुए थे। उसके मुंह पर भी चोट के निशान थे। उसके मुंह से खून व नाक से झाग निकले हुए थे। अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध ऋतिक को नहर में डाल पानी में डुबोकर हत्या करने और लाश को खुर्द-बुर्द करने के लिए आईपीसी की धारा 302 व 201 के तहत अभियोग दर्ज किया है। ग्रामीणों ने बताया कि अशोक एलपीजी की डिलीवरी करता है और ऋतिक अपने पिता की इसमें मदद करता था। वह अशोोक का इकलौता बेटा था और उसकी बहन की शादी हो चुकी है।



बहादुरगढ़। नहर से निकाला गया ऋतिक का शव।

### मृतक के पिता अशोक के बयान पर केस दर्ज

चौकी प्रभारी अनिल कुमार के अनुसार मृतक के पिता अशोक के बयान पर केस दर्ज किया गया है। तीन चिकित्सकों के बोर्ड द्वारा देर शाम पोस्टमार्टम किया गया है। वारदात को अंजाम देने वालों की जल्द पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।

# कल्टीवेटर की चपेट में आने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव घाटौली में खेत में कार्य करने के दौरान कल्टीवेटर की चपेट में आने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 44 वर्षीय ज्ञानचंद उर्फ काले पुत्र भूप के तौर पर हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कल्टीवेटर से बाहर निकलवार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मामले के जांच अधिकारी राजीव ने बताया कि ज्ञानचंद शाम को अपने खेत में ट्रैक्टर के माध्यम से बुवाई कर रहा था। ट्रैक्टर के पीछे वाले हिस्से में जुड़े कल्टीवेटर को ऊपर-नीचे करते समय उसके वस्त्र का एक हिस्सा उसमें उलझ गया। जिस कारण वह कल्टीवेटर की चपेट में आ गया और नीचे जा गिरा। कल्टीवेटर ऊपर से गुजरने के कारण उसका शरीर भी बीच से कट गया।

■ गांव घाटौली में खेत में कार्य करने के दौरान हुआ हादसा

उन्होंने बताया कि परिजनों के बयान लेने के बाद शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# रॉयल ग्रीन काउंटी को मिला इंटिग्रेटिड टाउनशिप ऑफ द ईयर का अवार्ड

■ बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने रॉयल ग्रीन रियलटी के सीईओ यशांक वासन और डायरेक्टर वरूण मखीजा को दिया अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

टाईम्स रियलटी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव-2024 में बहादुरगढ़ की रॉयल ग्रीन काउंटी को नई उपलब्धि हासिल हुई है। रॉयल ग्रीन काउंटी को इंटिग्रेटिड टाउनशिप ऑफ द ईयर का अवार्ड मिल है। बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने रॉयल ग्रीन रियलटी के सीईओ यशांक वासन और डायरेक्टर वरूण मखीजा को यह अवार्ड देते हुए बधाई दी है। दरअसल, शहर के बादली-गुरूग्राम रोड पर सेक्टर-40 में रॉयल ग्रीन रियलटी ने रॉयल ग्रीन काउंटी का निर्माण किया है। बहादुरगढ़ को दिल्ली, द्वारका और गुरूग्राम से जोड़ने वाले यूईआर से यह महज 2 मिनट की दूरी पर स्थित है। सीईओ यशांक वासन ने बताया कि रॉयल ग्रीन रियलटी अपने प्रोजेक्टस में लोगों के सपनों को पूरा कर रहा है। आधुनिक दौर की तमाम सुख सुविधाओं के साथ एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध करवाया जा रहा है। यहां प्लाट्स के साथ विला भी ऑफर किए गए हैं। पहला फेज जल्दी सोल्ड आउट हो गया था और दूसरा फेज भी अभूतपूर्व रिस्पॉन्स दे रहा है। यशांक वासन ने बताया कि रॉयल ग्रीन काउंटी में सिंगापुर बेस्ड आर्किटेक्ट से लैंडस्केपिंग का कार्य करवाया जा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक साइनेज सड़कों पर लगाए गए हैं।



बहादुरगढ़। अनिल कपूर के हाथों अवार्ड लेते यशांक वासन और वरूण मखीजा।

# भूमाफिया को लाभ पहुंचाने पर इनेलो ने नप को घेरा




बहादुरगढ़। नप की कार्यशैली पर सवाल उठाते इनेलो पार्षद व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नगर परिषद द्वारा विकास के नाम पर भूमाफिया को अनुचित लाभ पहुंचाने के मामले में अब इनेलो पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। इनेलो पार्षदों के अनुसार शहर की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है, जबकि राजनीतिक संरक्षण प्राप्त अवैध कॉलोनाइजरों पर विशेष मेहरबानी की जा रही है। वार्ड नंबर-3 में हुए इस गोलमाल पर नगर परिषद को घेरते हुए पार्षद जितेंद्र राठी, बिजेंद्र दलाल, रमन यादव व मोहित राठी ने प्रशासन से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

■ पार्षद जितेंद्र राठी, बिजेंद्र दलाल, रमन यादव व मोहित राठी ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

पार्षद जितेंद्र राठी ने कहा कि लाइनपार क्षेत्र के वार्ड नंबर-3 के न्यू पटेल पार्क के नाम से लगे टेंडर के नाम पर अवैध कॉलोनी में सीसी की गली बना दी गई है। उन्होंने सवाल उठाए कि किसके कहने पर अवैध इलाके में निर्माण किया गया? किसके कहने पर सीधा मिट्टी पर सीमेंट कंक्रीट डाली गई? किसके कहने पर न्यू पटेल पार्क की जगह दूसरी जगह गली बनाई गई? किसके कहने पर खाली प्लॉटों के लिए गली बनाई जा रही थी? उनका कहना है कि नगर परिषद व ठेकेदार की मिलीभगत से भूमाफियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह आम लोगों के साथ धोखा और नगर परिषद के खजाने की लूट है। उन्होंने कहा कि जरूरी कामों के लिए पार्षदों के अनुरोध को अनावश्यक आपत्तियां लगाकर रद्द और बजट के अभाव का बहाना बनाने वाली परिषद खाली प्लॉटों में सीसी सड़क बना रही है। उनके अनुसार दो वर्ष के कार्यकाल में नगर परिषद ने शहर में कोई उल्लेखनीय काम नहीं किया है। पार्षद बिजेंद्र दलाल, पार्षद मोहित राठी, पार्षद रमन यादव, रामनिवास सैनी, सतीश राठी, अंकित चुघ, सूरज सिंह, अजय कादियान, मनीष अहलावत, अमित अहलावत, भूरा पहलवान, सोनू सैनी व राज सिंह वर्मा आदि ने इस पूरे गोलमाल की गहनता से निष्पक्ष जांच करवाने और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।

## ग्रीष्मावकाश की समाप्ति के साथ बच्चों को सताने लगी है पढ़ाई की चिंता

# छुट्टियों के साथ मौज-मस्ती होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बच्चों की मौज-मस्ती गर्मी की छुट्टियों में ही होती है। छुट्टी के नाम पर ही उनके चेहरे चहकने लगते हैं। बच्चे इसी इंतजार में रहते है कि कब ग्रीष्मावकाश हो ताकि उन्हें सैर-सपाटा करने का भरपूर मौका मिले। अब छुट्टियां खत्म होने को हैं और इसके साथ ही फिर से पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

ग्रीष्मावकाश के बाबत पूछने पर रक्षित काजला ने बताया कि इस साल छुट्टियों में बहुत मजा आया। पढ़ाई की चिंता से दूर जी भरके घूमने को मिला। अब सारी मस्ती खत्म, स्कूल खुलने का समय आ गया है। आगे अगर कुछ बनना है, तो पढ़ाई के लिए काफी मेहनत करनी है। श्वेता मान ने कहा कि अगर पढ़ाई कम और छुट्टियां ज्यादा रहती तो बहुत मजा आता, लेकिन अब पढ़ाई के लिए काम करना है। छुट्टियों में पापा-मम्मी के साथ कई जगह घूमने को मिला। अब स्कूल खुलने वाले हैं। अच्छे नंबर पाने के लिए जम कर मेहनत करनी पड़ेगी। दिव्या के अनुसार छुट्टियों में बहुत मस्ती करने को मिली। अब दिन-रात पढ़ाई करनी पड़ेगी। लक्की ने बताया कि गर्मी की छुट्टी खत्म होने के साथ ही पढ़ाई की चिंता सताने लगी है। वंशिका ने बताया कि छुट्टी में नानी के घर रहने के बाद हरिद्वार गई थी। अंकुश की मानें तो छुट्टी का मतलब ही मस्ती होता है। इसके बाद शुरू होती है पढ़ाई। इस साल अच्छे नंबर लाने हैं। प्राची ने छुट्टी खूब अच्छे से मनाई और अब ग्रीष्मावकाश में मिला होमवर्क पूरा करना है।



बहादुरगढ़। छुट्टियों का काम पूरा करने में जुटे बच्चे।

# मुक्केबाज प्रसन्न पंघाल ने जीता स्वर्ण पदक



झज्जर : मुक्केबाज प्रसन्न पंघाल ने फर्स्ट बिल्ड कप में स्वर्ण पदक जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि शहर के महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करने वाले प्रसन्न पंघाल ने रोहतक में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान 67 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए यह पदक हासिल किया। उन्होंने होनहार खिलाड़ी को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर संक्षेप

### पंचायत मंत्री से मिले कई सरपंच

**बहादुरगढ़।** क्षेत्र के कई गांवों के सरपंचों और उनके प्रतिनिधियों ने चंडीगढ़ में पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा से मुलाकात की। मुकुंदपुर के सुमित छिकारा, परनाला के अशोक राठी, बामड़ोली के जितेंद्र, बराही के मोहित और खैरपुर के मोहन आदि ने बहादुरगढ़ हलके के गांवों के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने मंत्री को बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में काफी विकास कार्य लंबित हैं, जिन्हें जल्द पूरा करवाया जाना चाहिए। मंत्री महिपाल ढांडा ने सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

### हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना बादली के एरिया में हुई एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने प्रॉडक्शन वारंट पर लाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। थाना बादली प्रबंधक राकेश ने बताया कि 10 दिसंबर 2022 को एक कंपनी में गाड़ी खाली करने के विवाद को लेकर मोहन वीर की हत्या कर दी गई थी। एक आरोपी को फरीदाबाद तथा दूसरे को तिहाड़ जेल से प्रॉडक्शन वारंट पर लाकर अदालत में पेश किया। जसवीर निवासी पेलपा व राहुल निवासी बेरी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### महिला का मोबाइल छीनने वाला गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** बीते दिनों एक महिला के साथ छीना झपटी करने वाला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। सेक्टर-6 थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि महाबीर पार्क में रहने वाली महिला 13 जून की शाम को ड्यूटी से वापिस जा रही थी तो पीछे से एक मोटरसाइकिल पर दो लड़के उसका मोबाइल फोन छीनकर कर ले गए। पुलिस ने इस मामले में गौतम निवासी पटेल पार्क को गिरफ्तार किया है। महिला से छीना गया मोबाइल भी उसके कब्जे से बरामद किया गया है।

### एसडीएम ने समाधान सुनीं नागरिकों की शिकायतें

**बेरी।** शुक्रवार को समाधान शिविर में एसडीएम रविंद्र मलिक ने चार लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों की परिवार पहचान पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित, पेंशन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की समस्याएं सुनी। उन्होंने जो शिकायतें मौके पर निपटाने की थी, उनका तत्काल समाधान किया और जिनका समाधान तत्काल संभव नहीं था, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्रता से समाधान करने के निर्देश दिए।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू

**झज्जर।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया गया है। जिला में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने नागरिकों से आहवान किया कि वे इस अभियान के तहत बीएलओ का सहयोग करते हुए सत्यापन कार्य करवाएं।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बेरी में लोगों की समस्याएं सुनते भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष

# फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि से खुशहाल होंगे किसान : कादियान

हरियाणा के लगभग 16 लाख किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के 335 करोड़ रुपए पहुंच चुके हैं। वहीं खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में शानदार बढ़ोतरी की है



झज्जर। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आमजन की समस्याएं सुनते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

देश की समृद्धि का रास्ता खेती किसानी से होकर गुजरता है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने अपनी तीसरी पारी की शुरुआत एमएसपी में वृद्धि कर और किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त डाल कर की है। किसान को समृद्ध करके प्रधानमंत्री विकसित भारत के विजन को साकार करेंगे। यह बात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस बेरी में आमजन की समस्याएं सुनने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि खेती भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ है। केंद्र सरकार ने हाल ही में किसानों को डबल तोहफे दिए हैं। हरियाणा के लगभग 16 लाख किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि के 335 करोड़ रुपए पहुंच चुके हैं। वहीं खरीफ फसलों के समर्थन मूल्य में शानदार बढ़ोतरी की है। कई फसलों में तो शत प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि तिल के समर्थन मूल्य में 632 रुपये प्रति क्विंटल और अरहर के समर्थन मूल्य में साढे. पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। खरीफ का कोई भी अनाज ऐसा नहीं है जिसमें रिकॉर्ड तोड़ बढोतरी न की गई हो। कपास के समर्थन मूल्य में 501 रुपये की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि अब कृषि घाटे का सौदा न रहएक प्रगतिशील व्यवसाय हो गया है। हरियाणा सरकार भी किसान हित के में योजनाएं लाकर किसानों को मालामाल कर रही है। सोलर पैनल किसानों के खेतों में लगाकर विद्युत ऊर्जा के वैकल्पिक साधन का प्रावधान किया जा रहा है। किसानों को हरियाणा व केंद्र सरकार की कल्याणकारी नीतियों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अजय बेरी एससी मोर्चा जिला महामंत्री, राजबाला महिला मोर्चा जिला महामंत्री, संदीप धौड़ ब्लॉक समिति मेंबर, शेर सिंह दूबलधन, सुनील नंबरदार दूबलधन, रविंद्र मलिक दूबलधन, पवन दूबलधन,सतपाल दूबलधन, अजीत दूबलधन, जॉनी जहाजगढ़, हरदीप डबास, मोनू माजरा डी, सूरजमल दूबलधन, अभय सिंह माजरा डी, मेहताब बाघपुर, प्रवीन बाघपुर, हरदीप डबास, भारत भूषण धौड़, अनिल खरहर, बुध सिंह दूबलधन, श्रीभगवान प्रधान सिवाना, कृष्ण सिवाना, नरेंद्र डीघल, डॉक्टर दयानंद मास्टर, बलवान धौड़, आशीष दूबलधन, मनोज कुमार, दलबीर वजीरपुर, कृष्ण दलाल, सुखबीर सिवाच, बलजीत दूबलधन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। कोच संदीप अहलावत के साथ कार्तिक। फोटो : हरिभूमि

# आर्मी संस्थान के लिए कार्तिक का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अहलावत बॉक्सिंग क्लब में अभ्यास करने वाले मुक्केबाज कार्तिक का चयन पुणे के आर्मी संस्थान में हुआ है। इसके लिए 22 जून से 25 जून तक आर्मी स्पोर्ट्स सेंटर पुणे में परीक्षा आयोजित हुई थी। देशभर के 3 हजार मुक्केबाजों ने इसमें भाग लिया था। कोच संदीप अहलावत ने बताया कि कार्तिक 20 महीने से अहलावत बॉक्सिंग क्लब में अभ्यास कर रहा है। कुछ महीने पहले खेलो इंडिया नेशनल में भी उसने गोल्ड मेडल जीता था। बिट्टू अहलावत, तेजपाल सैनी, आशीष गुलिया, बलराज दलाल, पवन मान व पंकज मान आदि ने कार्तिक के चयन पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# टास्क पूरा करके मुनाफा कमाने के झांसे में आए युवक ने गंवाए 3 लाख 10 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



ऑनलाइन रुपये कमाने के झांसे में आकर जिले के गांव जमालपुर निवासी एक युवक ने तीन लाख दस हजार से अधिक रुपये गंवा दिए। पुलिस को दी शिकायत में संदीप पुत्र कर्ण सिंह ने बताया कि उसके पास बीती 22 जून को व्हाट्सअप के माध्यम से पार्ट टाइम जॉब के लिए टास्क पूरा करने पर रुपये कमाने का ऑफर आया।

अगले दिन उसके पास टेलीग्राम का लिंक आया जिसके माध्यम से पेड टास्क पूरा करने के लिए पांच हजार रुपये डालने की बात की गई। उसने रुपया कमाने के चक्कर में अपने खाते से रुपये भेज दिए और जब टास्क पूरा नहीं हुआ तो संबंधित लोगों से फोन पर बात की। इसके बाद उसे 68 हजार रुपये डालने के लिए कहा गया जो उसने वह भी डाल दिए लेकिन टास्क पूरा नहीं हुआ। संदीप के अनुसार इसके बाद आरोपियों ने उससे कहा कि 2 लाख 14 हजार 320 रुपये डाल देने पर टास्क पूरे होंगे जिसके बाद मुनाफे सहित उसे करीब 6 लाख 24 हजार रुपये मिलेंगे।

इसके बाद उसने एक-एक लाख रुपये दो बार बताए गए खाते में ट्रांसफर किए तथा शेष 14 हजार 320 रुपये गुगल-पे के माध्यम से भेज दिए। हद उस समय हो गई जब रुपये डालने के बाद भी टास्क पूरे नहीं हुए।

इसके बाद जब उसने संबंधित लोगों से फोन किया और उन्होंने 4 लाख 76 हजार रुपये की मांग करते हुए बाद में मुनाफे सहित 17 लाख 60 हजार रुपये मिलने की बात की तो उसे साइबर ठगी का अहसास हुआ लेकिन तब तक वह 3 लाख 10 हजार 770 रुपये गंवा चुका था। इसके बाद उसने 25 जून को 1930 पर कॉल करके पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस द्वारा पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खराब ट्रैफिक लाइटों के कारण लगता है जाम

- विश्वकर्मा चौक पर खराब पड़ी ट्रैफिक लाइटें जल्द से जल्द ठीक करवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। चेयरपर्सन व अधिकारियों से मांग करते प्रेमचंद बंसल। फोटो : हरिभूमि

शहर के रेलवे रोड पर स्थित विश्वकर्मा चौक पर यातायात के हालात बेहद खराब हैं। यहां लगाई गई ट्रैफिक लाइट्स लंबे समय से खराब हैं। इन्हें ठीक करवाने की मांग लगातार की जा रही है। बीते दिनों नगर परिषद में हुई सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक में नई बस्ती निवासी प्रेमचंद बंसल ने भी इस मांग को पुरजोर तरीके से उठाया।

प्रेमचंद बंसल के अनुसार विश्वकर्मा चौक पर लगी ट्रैफिक लाइटें काफी समय से खराब हैं, उन्हें जल्द से जल्द ठीक करवाया जाना चाहिए। ताकि रेलवे रोड और ड्रेन रोड के इस जंक्शन पर सुबह-शाम लगने वाले यातायात जाम से निजात मिल सके।

इसके साथ ही उन्होंने विश्वकर्मा चौक से पॉवर हाउस तक सर्विस रोड नहीं बनाए जाने पर चिंता जताई। उनके अनुसार यहां नागरिक चोटिल हो रहे हैं और वे गत 2 सालों से इसके निर्माण के लिए मांग करते आ रहे हैं। तत्कालीन सीएम मनोहर लाल खट्टर तक से गुहार लगाई। आरटीआई लगाकर जानकारी भी जुटाई, लेकिन यह रास्ता आज भी ऊबड़-खाबड़ है। बंसल के अनुसार नई बस्ती की गली नंबर-1 की नालियां भी लंबे समय पहले बनाई गई थी, इन जर्जर नालियों में गंदगी भरी रहती है। जिससे मच्छर पैदा होते हैं और बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। इनका भी जल्द निर्माण करवाया जाना चाहिए। उन्होंने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को भी मजबूत करने की मांग की है।

### मशहूर पेंसिल कंपनी के पैकिंग कार्य का नाम लेकर ठगे 11 हजार रुपये

- पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू की

**झज्जर।** एक मशहूर पेंसिल कंपनी का नाम लेकर साइबर ठगों ने एक महिला से घर बैठे पैकिंग कार्य कर मुनाफा कमाने का झांसा देकर करीब ग्यारह हजार रुपये ठग लिए। पुलिस को दी शिकायत में क्षेत्र के वजीरपुर गांव निवासी नवीन कुमार पुत्र सतबीर सिंह ने बताया कि वह वह फौज में नौकरी करता है तथा अब घर पर छुट्टी आया हुआ है। बीती 17 जून को उसकी पत्नी एकता के फोन पर किसी व्यक्ति ने एक नामी पेंसिल कंपनी का कर्मचारी बताते हुए उससे कहा कि वे घर बैठे पेंसिल पैकिंग का काम करेंगी तो कंपनी सामान के साथ-साथ सैलरी भी देगी। इसके बाद उसकी पत्नी ने जब पैकिंग के लिए सामान भिजवाने की बात की तो कथित कर्मचारी ने कहा कि इससे पहले उन्हें कंपनी को कुछ पेमेंट करनी होगी तभी सामान भेजा जाएगा। इसके बाद एकता ने संबंधित व्यक्ति द्वारा भेजे गए बार कोड में 17 जून व 18 जून तक कुल पांच ट्राजेक्शन के माध्यम से 11 हजार 220 रुपये भेजे। इसके बाद जब सामान नहीं आया और तो उन्हें धोखाधड़ी का अहसास हुआ। नवीन कुमार के अनुसार इसके बाद उसके भाई संजीवन ने 1930 पर कॉल करके साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



बहादुरगढ़। बृजभूषण शरण सिंह को बधाई देते जसबीर सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# बेटे के सांसद बनने पर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

भाजपा नेता जसबीर सैनी ने पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह के केसरगंज से सांसद बनने पर बधाई दी। जसबीर ने कहा कि दोनों पिता-पुत्र हमेशा ही खिलाड़ियों व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तैयार रहते हैं। इस अवसर पर धर्मेंद्र सैनी, कृष्ण सैनी, जीवन सैनी, एडवोकेट गौरव, सुभाष शर्मा, ललित, नीरज सैनी व हरीश आदि मौजूद रहे।

### नेशनल वाटरपोलो के लिए हरियाणा की टीम का चयन 30 कल

**बहादुरगढ़।** स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आगामी 7 से 11 जुलाई तक 40वीं सब जूनियर व 50वीं जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप (पोलो व डाइविंग इवेंट) का आयोजन किया जा रहा है। ये चैंपियनशिप मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित आईडीए स्वीमिंग पूल कांप्लेक्स में होंगी। इन चैंपियनशिप को लेकर तमाम राज्यों के तैराक तैयारियों में जुटे हैं। ट्रायल प्रक्रियाएं चल रही हैं। इसी सिलसिले में रविवार 30 जून को सिरसा में नेशनल वाटर पोलो चैंपियनशिप को लेकर ट्रायल प्रक्रिया होगी।

हरियाणा स्वीमिंग एसोसिएशन के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि नेशनल वाटर पोलो चैंपियनशिप को लेकर 30 जून को सिरसा के एमएसजी भारतीय खेल गांव में ट्रायल होगी। एसएफआई आईडी प्राप्त एथलीट ही इस ट्रायल प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

# सात को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे एनएचएम कर्मी

- प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम डीआरओ को ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एनएचएम कर्मचारी संघ की ओर से शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम डीआरओ राकेश कुमार को ज्ञापन दिया गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष विशाल धनखड़ ने बताया कि आगामी 7 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास करनाल का घेराव करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन हरियाणा के कार्यरत कर्मचारी शामिल होंगे, जिसके कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों के समाधान के लिए 20 जून को सरकार के साथ बातचीत कोशिश की थी तथा मांगे परूी होने तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया था। परन्तु प्रशासन ने मांगों का समाधान करने के स्थान पर कर्मचारी विरोधी निर्णय लेने आरम्भ कर दिए है, जिसके तहत न केवल 2018 में जारी किए गए सेवा नियमों को फ्रीज करने के आदेश दिए बल्कि मई 2024 मास के वेतन तथा जनवरी 2023 से अब तक का बजट देने से भी इंकार कर दिया है, जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने सरकार से एनएचएम कर्मचारियों की 25 वर्षों से दी रही सेवाओं को ध्यान में रखते हुए एक पॉलिसी बनाकर नियमित करने की मांग की। पालिसी बने तब तक उन्हें सेवा सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सुरक्षा, एक्सप्रेसिया तथा अपील और सजा हरियाणा सिविल सर्विस रूल अनुसार प्रदान की जाए। एनएचएम को 7वें वेतन आयोग का लाभ दिया जाए। सेवा नियमों में रह गई त्रुटियों व वेतन विसंगतियों को ठीक करने के लिए संघ के साथ वार्ता करके उन्हें दूर किया जाए।

# गोभक्तों ने की पुलिस चौकी स्थापित करने और सुनील निमाणा को शस्त्र लाइसेंस देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। श्री गोकुलधाम महातीर्थ गोशाला में पंचायत के दौरान एकत्रित प्रबुद्धजन। फोटो : हरिभूमि

गुरुग्राम रोड स्थित श्री गोकुलधाम महातीर्थ गोशाला के संचालक सुनील निमाणा पर हुए जानलेवा हमले को लेकर शुक्रवार को पंचायत का आयोजन किया गया। गोशाला परिसर में आयोजित इस पंचायत में घटना की निंदा करते हुए मौजिज लोगों ने कहा कि यदि इस प्रकार गोसेवकों पर गोली चलाई जाने लगी तो लोगों में परोपकार की भावना कम होने लगेगी। जिला प्रशासन को ऐसे गौभक्तों की सुरक्षा के प्रबंध करने चाहिए।

पंचायत प्रतिनिधियों ने आत्मरक्षा के लिए सुनील निमाणा को शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की सिफारिश करते हुए कहा कि इस गोशाला में सैकड़ों कर्मचारी कार्य करते हैं। उनके वेतन के लिए बड़ी नकदी की जरुरत पड़ती है वहीं दानी सज्जन भी कई बार नकद राशि दे जाते हैं जिन्हें बैंक में जमा कराने जाना पड़ता है।

ऐसे में लूटपाट की घटना न हो इसके लिए जरूरी है कि यहां एक पुलिस चौकी स्थापित की जाए। पंचायत में मौजिज निर्णय लिया कि वे इस संबंध में सर्वसम्मत्ति से प्रस्ताव पास कर डीसीपी से भी मिलने जाएंगे। उन्होंने मंगलवार तक अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई तो बड़े स्तर पर पंचायत करते हुए बड़ा निर्णय लिया जाएगा।

***ये रहे मौजूदः*** इस मौके पर गोरक्षा दल के अध्यक्ष आचार्य योगेंद्र महाराज, उपाध्यक्ष आचार्य आजाद आर्य, सतगांवा प्रधान ब्रहानंद, गौरक्षा दल कार्यकरिणी सदस्य जयवीर आर्य, गौसेवा आयोग सदस्य एवं स्थानीय श्रीगौशाला के प्रधान प्रमोद बसंल, सुखबीर नंबरदार, के अलावा ग्राम सरपंचों में मलखान निमाणा, बलवान हसनपुर, प्रदीप, अक्षय सूरहा, अनुराग बामड़ौला, हरकेश नंगला, सुनील दादरी तोए, कुलदीप औरंगपुर, मोटा कोच लाडपुर, पवन पार्षद नौगांवा, जितेंद्र, राजकुमार दहिया, जसबीर फौजी सांदलकलां, ब्रह्मदेव याकूबपुर, जयपाल गुलिया, देवेंद्र फौजी डूंडाहेड़ा सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### अवैध हथियार व दो जिंदा कारतूस सहित दो आरोपी पकड़े

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध हथियार व दो जिंदा कारतूस सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए वन बहादुरगढ़ प्रभारी जयवीर ने बताया कि पुलिस की एक टीम थाना बेरी क्षेत्र में तैनात थी। इस दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भागलपुरी चौक पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान कलानौर रोड की तरफ से दो युवक आते हुए दिखाई दिए। जिनको शक के आधार पर पकड़ते हुए तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से अवैध हथियार व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपियों की पहचान पवन व सोहन दोनों निवासी गांव दूबलधन के तौर पर की गई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

# डीसीपी शशांक कुमार सावन ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। डीसीपी शशंक कुमार सावन का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए एसीपी शुभम सिंह। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को रेवाड़ी से स्थानांतरित होकर आए शशांक कुमार सावन आईपीएस ने पुलिस कमिश्नरी झज्जर में पुलिस उपायुक्त मुख्यालय व क्राइम के तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। यहां पहुंचने पर एसीपी शुभम सिंह, एसीपी शमशेर सिंह, एसीपी गुलाब सिंह, एसीपी प्रदीप नैन, सुरक्षा शाखा प्रभारी निरीक्षक विवेक मलिक व सभी शाखा प्रभारियो ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

बाद में पत्रकारों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि जिले को अपराध मुक्त करने के प्रयास किए जाएंगे, महिलाओं की सुरक्षा, नशे की रोकथाम व यातायात प्राथमिकता पर रहेगी। जिसके लिए पुलिस द्वारा जागरूकता के अभियान भी चलाए जाएंगे। इससे पहले भी वे झज्जर में अपनी सेवाएं दे चुके है।

## खबर संक्षेप

### अवैध देशी शराब के साथ आरोपी को पकड़ा

**बहादुरगढ़।** आसौदा थाना पुलिस ने अवैध देशी शराब की 18 बोतलों के साथ एक आरोपी को काबू किया। मांडोठी चौक पर तैनात पुलिस टीम ने डाबोदा खुर्द की तरफ से पैदल आ रहे अजीत निवासी मांडोठी को रोका। भागने की कोशिश करने पर उसे पकड़ा गया। उसके कब्जे में मिले कट्टे की तलाशी ली गई तो उसके अंदर 18 बोतल देशी शराब थी। उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### लाभार्थियों को दी जाएगी वित्तीय सहायता

**झज्जर।** रविवार को प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को नेहरू राजकीय कॉलेज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। एडीसी सलोनी शर्मा ने बताया कि इस दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, डॉक्टर बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना व विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को वित्त सहायता के प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम से संबंधित व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### वेस्ट प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरुक

**बहादुरगढ़।** ब्रह्म सेवा समिति और किसान मजदूर उत्थान मोर्चा ने वेस्ट प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति गांव लडरावन के ग्रामीणों को जागरूक किया। समिति अध्यक्ष दिनेश ने बताया कि प्लास्टिक से कैंसर जैसे गंभीर रोगों के खतरे का अंदेशा बना रहता है। प्लास्टिक का कचरा रिहायशी क्षेत्रों से दूर होना चाहिए। मोर्चा संचालक सुमित छिकारा ने बताया कि सामूहिक प्रयासों से शहर, कस्बे और गांव साफ और स्वच्छ होंगे।

### छात्रवृति प्रदान करने के लिए आवेदन 30 जुलाई तक

**झज्जर।** जिला खेल अधिकारी ललिता मलिक ने बताया कि खेल उपलब्धि एक जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 तक की अनुसूचित जाति व सामान्य जाति के जो खिलाड़ी हैं, उनके लिए छात्रवृति प्रदान करने के लिए आवेदन पत्र 30 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र का नमूना विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### दाखिला प्रक्रिया के लिए पहली काउंसलिंग शुरू

**झज्जर।** आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा के प्राचार्य जीतपाल ने बताया कि आईटीआई में आगामी सत्र में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है और पहली मेरिट लिस्ट जारी हो चुकी है। जिसमें आईटीआई झज्जर एट गुढ़ा के विभिन्न व्यवसायों के लिए 270 सीटों का आवंटन हो चुका है। उन्होंने बताया कि आईटीआई में 15 ट्रेड एवं 33 यूनिट में कुल 504 सीटों पर दाखिले किए जाने हैं।

### ट्रेन में चढ़ते एप्पल का फोन उड़ाया

**रेवाड़ी।** दौसा जाने के लिए आश्रम एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक यात्री का एप्पल का फोन चोरी हो गया। जीआरपी को दर्ज शिकायत में दौसा निवासी आयुष बेनीवाल ने बताया कि वह दौसा जाने के लिए आश्रम एक्सप्रेस में चढ़ रहा था। इसी दौरान किसी ने उसकी जेब से एप्पल का फोन चोरी कर लिया। ट्रेन चलने के कारण वह नीचे नहीं उतर पाया। अंदर काफी प्रयास करने के बाद भी मोबाइल फोन का पता नहीं चला।

### वेयरहाउस के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**रेवाड़ी।** खिजूरी में चोर एक वेयरहाउस के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। लाधुवास अहीर निवासी धर्मेंद्र अपने दोस्त बलजीत की बाइक लेकर वेयरहाउस में नौकरी के लिए भर्ती में शामिल होने के लिए गया था। बाइक वेयरहाउस के बाहर खड़ी करने के बाद वह अंदर चला गया। वापस आने पर उसे बाइक गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका।

## सात जुलाई को मुख्यमंत्री आवास घेराव करने का दिया नोटिस

# एनएचएम कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

एनएचएम कर्मी लगातार कई सालों से पक्का किए जाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

लंबित मांगों को लेकर पिछले चार दिनों से नियमित एक घंटे का वर्क सस्पेंड कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने शुक्रवार को लघु सचिवालय पहुंच कर आगामी सात जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की सूचना को लेकर ज्ञापन सौंपा। इससे पहले एनएचएम कार्यकर्ता सेक्टर छह स्थित सीएमओ कार्यालय में एकत्रित हुए।

यहां विरोध प्रदर्शन के बाद वे जुलूस की शक्ल में नारे बाजी करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचे। इसके बाद उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आगामी सात जुलाई को करनाल पहुंच कर मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करने की सूचना दी। यहां डीएमसी प्रवेश कादियान ने एनएचएम कर्मचारियों से ज्ञापन लेते हुए उसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला प्रधान डॉक्टर अरूण ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम कर्मचारियों लगातार कई सालों से पक्का किए जाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यदि सरकार मुख्यमंत्री आवास के घेराव के दौरान किए गए विरोध प्रदर्शन के बाद भी उनकी मांगें नहीं मानती है तो वे बड़े आंदोलन की घोषणा करेंगे जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन में जिला उप प्रधान अमरजीत, डॉक्टर भूपेंद्र, आचार्य बलदेव, डॉक्टर निकुंज शर्मा, डॉक्टर प्रदीप डाबोदिया, पंकज वर्मा, राजवीर, सुरेश कुमार, अंजू, सोनी,पूनम, सुषमा, जिला महासचिव गुलशन कुमार, कोषाध्यक्ष शमशेर, विकास यादव, दीपक, रजनी, सुमन, नर्सिंग ऑफिसर मीनाक्षी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। विरोध प्रदर्शन करते हुए एनएचएम कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। डीएमसी प्रवेश कादियान को ज्ञापन सौंपते हुए एनएचएम कर्मचारी।

## शिविर में 93 शिकायतों पर हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित कॉन्फ्रेंस हाल में एडीसी सलोनी शर्मा की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को आयोजित हुए शिविर में 93 शिकायतें दर्ज हुई जिन पर सुनवाई की गई। किलोई गांव निवासी राजमति का आयुष्मान कार्ड नहीं बन रहा था, मौके पर ही सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता का आयुष्मान कार्ड बनवाया गया। इसके अलावा परिवार पहचान पत्र से संबंधित ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए गए। शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, राजस्व विभाग, बिजली निगम आदि विभागों संबंधित शिकायतें दर्ज हुई। इन शिकायतों के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।



झज्जर। समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतों पर सुनवाई करते हुए एडीसी सलोनी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

### सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लोक अदालत 29 जुलाई से

**झज्जर।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार बंसल ने बताया कि आगामी 29 जुलाई से तीन अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में लंबे समय से चलने वाले केस से संबंधित पार्टियां आपसी सहमति के साथ यदि विशेष लोक अदालत के सामने रखना चाहती है तो वे स्थानीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में जमीनी विवाद आदि मामलों में सुलह के लिए आवेदन किया जा सकता है।

## पुत्र के साथ हुई मारपीट का उलाहना देने गई महिला के साथ की मार-पिटाई

- पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव खेड़ा थ्रू में पुत्र के साथ की गई मारपीट का उलाहना देने पहुंची महिला के साथ आरोपियों द्वारा मार-पिटाई करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में खेड़ा थूर गांव निवासी बहादुर सिंह ने बताया कि बीती 26 जून को जब उसका पुत्र मेनपाल किसी कार्य से बहू गांव गया था तो वहां समुंद्र सिंह ने उसके साथ मारपीट की। मेनपाल ने यह बात घर आकर बताई। इसके बाद उसकी पत्नी लोकेश मेनपाल को लेकर आरोपियों के घर उलाहना देने पहुंची तो वहां समुंद्र की पत्नी भवरी ने लोकेश के हाथ पर डंडा मारकर उसे घायल कर दिया। इसके बाद समुंद्र के चचेरे भाई अशोक व बलराम ने भी मां-बेटे को जान से मारने की धमकी दी। बहादुर सिंह के अनुसार उसके बाद लोकेश को उपचार के लिए जमालपुर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद झज्जर के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों के लिए शुरू हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पीएम श्री स्कूलों के अध्यापकों को प्रशिक्षित करने व नई शिक्षा नीति के तहत आने वाले बदलाव की जानकारी देने के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को सफल बनाने में बीआरसी शेर सिंह, प्राचार्य सुरेश सैनी, कुलदीप राठी, सरिता, रितु वर्मा व पुनिता चौधरी ने सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बहादुरगढ़ के पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को कार्यशाला शुरू हुई। इसमें बहादुरगढ़ व परनाला के साथ ही दूसरे जिलों से आए अध्यापकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यशाला का शुभारम्भ बीआरसी की अध्यक्षता में हुआ। विशेषज्ञ तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान पीएम श्री योजना के स्कूलों में उपलब्ध करवाई जा रही सभी प्रकार की सुविधाओं की जानकारी दे रहे हैं। ये पीएम श्री विद्यालय अपने आप में रोल मॉडल विद्यालय और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस होंगे।



बहादुरगढ़। कार्यशाला में शिक्षकों को प्रशिक्षण दे रहे विशेषज्ञ।

## चौकीदार के अभाव में शरारती तत्व विद्यालय की खिड़कियों व दरवाजों को हानि पहुंचा रहे

- गांगटान के उच्च विद्यालय में चौकीदार की नियुक्ति की मांग, महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को पत्र के माध्यम से विद्यालय की दयनीय स्थिति से अवगत कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव गांगटान के राजकीय उच्च विद्यालय में चौकीदार या सुख सहायक की नियुक्ति मांग ग्रामीणों द्वारा की गई है। गांगटान मूल के निवासी महावीर सिंह द्वारा महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र के माध्यम से विद्यालय की दयनीय स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में लिखा गया है कि विद्यालय में जनवरी 2022 के बाद से विद्यालय में कोई भी चपरासी या चौकीदार नहीं है। जिस कारण विद्यालय की देखरेख व साफ-सफाई सही ढंग से नहीं हो पा रही। चौकीदार के अभाव में शरारती तत्वों द्वारा जहां विद्यालय की खिड़कियों व दरवाजों को हानि पहुंचाई जा रही है वहीं खेल मैदान में उगी घास ने झाड़-झखंड का रूप ले लिया है। घनी घास व झाड़ियों के कारण जहरीले कीट पतंगों व सांप-बिच्छु आदि का खतरा भी बना रहता है। इसी कारण विद्यार्थी खेल मैदान में जाने से भी हिचकिचाने लगे हैं। महावीर सिंह के अनुसार इस संबंध में जब विद्यालय के प्राचार्य से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वे समस्या की बाबत विभागीय अधिकारियों से लेकर उपायुक्त तक को अवगत करा चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। इसके अलावा जब महावीर ने आरोप लगाया कि जब वह बीती 18 जून को ग्राम सरपंच दलबीर के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में समस्या को लेकर पहुंचा तो अधिकारियों ने कहा कि चंडीगढ़ कार्यालय से विद्यालय में किसी भी चौकीदार या चपड़ासी की नियुक्ति ना करने के आदेश मिले हैं। जब उन्होंने आदेश की प्रति मांगी तो उन्होंने देने से मना कर दिया।



झज्जर। शरारती तत्वों द्वारा तोड़ी गई विद्यालय की खिड़कियां। फोटो : हरिभूमि

## एडीसी ने पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स के पोर्टल पर शीघ्र डेटा अपलोड करने के दिए निर्देश

- ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रदेश सरकार द्वारा पंचायतों के लिए पंचायत डेवलपमेंट इंडेक्स की शुरूआत की गई है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास के पैमाने को निर्धारित करते हुए विकास की गति को बढ़ाना है। एडीसी सलोनी शर्मा ने ग्रामीण विकास से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को इंडेक्स के लिए बनाए गए पोर्टल पर संबंधित जानकारी शीघ्र अपलोड करने के निर्देश दिए ताकि आगामी कार्रवाई यथाशीघ्र पूरी की जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इंडेक्स के पोर्टल पर अलग-अलग विभागों को अपना डेटा अपलोड करना है। उन्होंने कहा कि सतर्कता से कार्य करते हुए डेटा अपलोड करें व इस विषय में लंबित कार्यों को जल्द पूरा किया जाए।



झज्जर। बैठक को संबोधित करते हुए एडीसी सलोनी शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## पुलिसकर्मियों का जांचा स्वास्थ्य

- थाना साल्हावास में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को थाना साल्हावास में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सामाजिक संस्था कोसली से डॉक्टर सुषमा यादव ने अपनी टीम के साथ सेवाएं दी। कैंप में ब्लड प्रेशर के साथ-साथ और भी कई जांच की गई। इस दौरान करीब 40 पुलिस कर्मचारियों का हेल्थ चेक किया गया और आवश्यक परामर्श भी दिया। डॉक्टर सुषमा ने कहा कि समय-समय पर हर व्यक्ति को अपनी स्वास्थ्य जांच कराते रहना चाहिए जिससे उसे जानकारी मिलती रहती है कि उसके शरीर में किसी तरह की कोई कमी तो नहीं हो रही है।



झज्जर। शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सकीय टीम एवं पुलिसकर्मी।

### तहसीलों में 29 व 30 जून को लगेंगे कैंप

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिले के अंतर्गत आने वाली विभिन्न तहसीलों में इंतकाल दर्ज करने के लिए 29 व 30 जून को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक कैंपों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में लंबित इंतकाल के अलावा आम नागरिक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सभी लंबित इंतकाल का निपटान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी पटवारियों व कानूनगो के माध्यम से तहसील मुख्यालयों पर सभी इंतकाल का निपटान करवाना सुनिश्चित करें। इंतकाल को लेकर लगाए जाने वाले शिविरों के लिए संबंधित अधिकारियों को गांवों में मुनादी करवाने के निर्देश दिए।

## मंगोलिया के पहलवान को 10-0 से हराकर पदक जीता

# कांस्य पदक विजेता अर्जुन रूहिल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हिंद केसरी सोनू पहलवान अखाड़े के पहलवान अर्जुन ने कैडेट एशिया चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता है। पहलवान अर्जुन रूहिल ने मंगोलिया के पहलवान को 10-0 से हराकर कांस्य पदक जीता है। पदक जीतकर लौटे अर्जुन का अखाड़े में जोरदार स्वागत किया गया। दरअसल, अर्जुन अवार्डी कोच धर्मेंद्र और सुधीर कोच के सानिध्य में रोहद गांव के अर्जुन ने यहां कुश्ती की बारीकियां सीखी हैं।

बता दें कि अर्जुन 92 किलो भार वर्ग में फ्री स्टाईल स्पर्धा का पहलवान है। जार्डन में 23 से 25 जून तक कैडेट एशिया चैम्पियनशिप करवाई गई थी। इसमें कई देशों के पहलवानों ने भाग लिया। पहली बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलते हुए अर्जुन ने मंगोलिया और कजाकिस्तान के पहलवानों को शिकस्त देकर देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाने का काम किया है। अर्जुन अब ओलम्पिक में देश के लिए गोल्ड मैडल हासिल करना चाहता है। अर्जुन की कुश्ती का सफर महज 5 साल पहले ही शुरू हुआ है। यहां अभ्यास करते हुए अर्जुन ने स्कूल नेशनल में गोल्ड मैडल हासिल किया। उसके बाद कैडेट एशिया में चयन के लिए हुए ट्रायल में भी प्रथम स्थान पर रहा। सहकोच अनुराग के अनुसार अर्जुन की उपलब्धि से दूसरे पहलवानों को भी प्रेरणा मिलेगी। साथी पहलवानों और कुश्ती प्रेमियों ने अर्जुन को बधाई दी। इस मौके पर कोच रिंकू, मुकेश कोच, सेठी पहलवान, कृष्ण छारा, रामकिशन, पवन जाखौदा, बिल्लू ठेकेदार, राहुल फिजियो, पातर सिंह, राजा रिटौली, विरेंद्र जाखौदा, सरूप पहलवान, मंगत, संजय पहलवान, सतेंद्र रूहल और बलवान मांडौठी आदि ने उसे शुभकामनाएं दी।



बहादुरगढ़। कांस्य पदक विजेता अर्जुन का स्वागत करते हुए हिंद केसरी पहलवान सोनू व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, कशमीर सिंह सुहाग पुत्र श्री कंवल सिंह निवासी गांव मातनहेल जिला झज्जर (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रूस्तम सुहाग तथा मेरी पुत्रवधु प्रतिभा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सतीश पुत्र श्री नंद लाल निवासी मकान नंबर-160ए, वार्ड नंबर-2, न्यू पटेल पार्क, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री अंजू निवासी पलवल शादीशुदा है और मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। अंजू अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगी। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

न्यूनतम 6% MRP से कम सभी दिन

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

On Shopping Of ₹1999 & Above
100 G DIAMOND CHIPS FREE

NOW OPEN IN
BAHADURGARH & JHAJJAR CITY
29 JUNE - 05 JULY
FREE!

## WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज्यादा।

- COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR — OUR PRICE ₹79
- B NATURAL JUICE 1LTR — BUY 1 GET 3 FREE
- BEST PRICE — OUR PRICE ₹149 — HAMDARD ROOHAFZA
- HAMDARD SUGAR FREE ROOHAFZA — BUY 1 GET 1 FREE
- BEST PRICE — 25% OFF SELECTED VARIANTS — REAL FRUIT POWER
- BEST PRICE — OUR PRICE ₹499 — GOPAL JI THANDAI 1KG
- HITKARY SHARBAT ROSE 700 ML — 20% OFF
- Vadilal — 20% TO 56% OFF ON MRP
- BEST PRICE — OUR PRICE ₹155 — HERSHEY'S SYRUP 623 g
- YU 100% COCONUT WATER — BUY 1 GET 1 FREE
- AMERICAN BASIL DRINK — BUY 1 GET 1 FREE
- BEST PRICE — OUR PRICE ₹95 ~~₹125~~ — RED BULL
- FRESCA 1LTR — BUY 1 GET 3 FREE
- GOWARDHAN GULAB JAMUN, RASGULLA 500G — BUY 1 GET 1 FREE
- BEST PRICE — MRP- 580 PRICE ₹359 PREMIUM; MRP- 480 20% OFF YELLOW; MRP- 360 PRICE ₹285 ELAICHI CHAI — MARVEL TEA PREMIUM/YELLOW/ ELAICHI FLAVOUR 1KG
- BEST PRICE — OUR PRICE ₹185 — TATA TEA PREMIUM 500g
- FORTUNE SOYA OIL 1 LTR. ~~₹140~~ — OUR PRICE ₹121
- PRABHAS GHEE 1 LTR FREE! — BUY 1 GET 1 FREE
- FORTUNE MUSTARD OIL 1LTR MRP ~~₹170~~ — OUR PRICE ₹135
- VITA GHEE 1LTR MRP ~~₹660~~ — OUR PRICE ₹559
- ANANDA GHEE 900ML + BUNDI FREE — OUR PRICE ₹499
- MAHAKOSH OIL 1LTR ~~₹130~~ — OUR PRICE ₹105
- ORION CHOCO PIE 20 PCS — BUY 1 GET 1 FREE
- PARLE BISCUIT SELECTED VARIENTS — BUY 1 GET 1 FREE
- INDIA GATE BASMATI RICE FEAST ROZANA 5 KG MRP ~~₹605~~ — OUR PRICE ₹475
- SUNDROP OATS 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
- BORGES PASTA — BUY 1 GET 3 FREE
- CHUKDE POWDER MASALE SELECTED VARIANTS — UPTO 50% OFF
- VEEBA, DEL MONTE, CREMICA, TOPS TOMATO KETHUP — BUY 1 GET 1 FREE
- MARS, BOUNTY, BOURNVILLE RUM & RAISIN CHOCOLATE — BUY 1 GET 1 FREE
- LAHORI ZEERA 160ML * 24 BOTTLES — OUR PRICE ₹182
- DIAMOND CHIPS 100G SPECIAL OFFER — BUY 1 GET 1 FREE
- Aashirvaad atta 10kg ~~₹459~~ — OUR PRICE ₹405
- Fortune atta 10kg ~~₹445~~ — OUR PRICE ₹365
- AMUL BUTTER 500GM MRP ~~₹285~~ — OUR PRICE ₹265
- MUSCLE BLAZE — 40% OFF ON MRP
- Everest / MDH - MASALE — 20% OFF ON MRP
- Cadbury — BUY 1 GET 1 FREE
- PRO NATURE — 20% OFF ON MRP
- FREE BUY 1 GET 3; BUY 1 GET 2 — YOGA BAR MUESLI
- TRESEMME, DOVE, SUNSILK 1 LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- DABUR ANMOL GOLD COCONUT OIL 600ML — BUY 1 GET 1 FREE
- BABY HUG Adv. @499 ABOVE — 40% OFF ON MRP
- HIMALYA BABY RANGE SELECTED VARIANTS — 50% OFF ON MRP
- mamaearth SELECTED VARIANTS — FLAT 30% OFF
- LOTUS — 30% OFF ON MRP
- VLCC SELECTED VARIANTS +20% OFF ON MRP — BUY 1 GET 1 FREE
- STAYFREE SANITARY PADS MRP 190RS, MRP 350 RS — BUY 2 GET 1 FREE

## WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

- MOONG CHILKA — OUR PRICE ₹115
- MOONG DHULI 1KG — OUR PRICE ₹125
- MOGRA RICE / CHAWAL — OUR PRICE ₹62
- MALKA LAL DAAL 1KG — OUR PRICE ₹89
- BADAM 1KG — OUR PRICE ₹720
- KISMISH 1KG — OUR PRICE ₹269
- WALNUTS / AKHROT — OUR PRICE ₹249
- GAIA PRODUCTS SELECTED VARIANT — BUY 1 GET 1 FREE

- Ariel, Tide LIQUID — BUY2 GET 1 FREE
- BECO FRONT LOAD/TOP LOAD, 2Ltr. Liquid — BUY1 GET 1 FREE
- SURF EXCEL MATIC LIQUID TOP/ FRONT LOAD 4Ltr — BUY2 GET 1 FREE
- SANI FRESH TOILET CLEANER — BUY1 GET 1 FREE
- OXYZEN DISHWASH MRP-~~₹205~~ — OUR PRICE ₹69
- MUMMY & DADDY BABY WIPES; DIOS FACIAL WIPES — BUY 1 GET 2 FREE
- LIFE BOY / DETTOL HAND WASH 675ML — BUY1 GET 1 FREE
- PRIL LEQUID DISH WASH 2LTR MRP ~~₹499~~ — OUR PRICE ₹299
- SURF EXCEL EASY WASH 3KG MRP ~~₹390~~ — OUR PRICE ₹309
- FENA 5KG MRP ~~₹320~~ — OUR PRICE ₹265
- TIDE 5 KG MRP ~~₹659~~ — OUR PRICE ₹499
- MILTON — upto 50% OFF ON MRP

## UNDER GARMENTS SALE

| Brand | Discount | Brand | Discount |
|---|---|---|---|
| JOCKEY | 20% | | |
| BODYCARE | 20% | cozi | 30% |
| Dollar | 30% | | 30% |
| VAN HEUSEN | 20% | U.S. POLO ASSN. | 20% |
| MACROMAN | 30% | MACHO | 30% |

Elenta Mart, AMMARTA ARCADE METRO PILLER NO.816 BAHADURGARH
ENTRY OPEN ON BOTH SIDES OF MALL
+91-9992296899

ELENTA MART W9 SHOP NO. 771 MAIN BHAGAT SINGH CHOWK, JHAJJAR.
+91-8750187531

Elenta Mart Dighal, on Sampla Beri Road, Dighal.
+91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

OPEN 7 DAYS A WEEK | 9AM TO 10PM
. PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*
STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET
*PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.